प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 0 9 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 04 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासित नागरिकों का निर्माण करता है -राय

विद्या भारती की विभागीय प्रतियोगिताओं का शानदार शुभारंभ किया सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने

सिवनी यशो :- विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य है उन्हें अधुनिकतम शिक्षा के साथ स्वास्थ्य जीवन के लिये खेल में पर्याप्त रूचि लेना चाहिये वर्तमान में अपने आपको स्वस्थ्य रखना बड़ी चुनौती बन गयी है । बच्चों एवं युवाओं को टी व्ही एवं मोबाईल ने मैदानी खेलो से दूर कर दिया है जो चिंता का विषय है। शिक्षा जितनी आवश्यक है उतनी अधिक खेलों के प्रति रूचि लेना और नियमित खेलना आवश्यक है । खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। उक्ताशय के उद्गार सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विद्या भारती के द्वारा आयोजित विभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुये सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज के नवीन विद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल छिंदवाड़ा विभाग के 17 विद्यालयों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये व्यक्त किये ।

इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती के जिला सचिव विनीत मंटू अग्रवाल के द्वारा की गयी कार्यक्रम में विद्या भारती के विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक नितिन चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी, विद्यालय के प्राचार्य प्रतियोगिता में शामिल होने आये अन्य विद्यालयों के संरक्षक आचार्य, विद्यालय के आचार्य एवं दीदियाँ, प्रतिभागी भैया बहिन, गणमान्य नागरिक अभिभावक गणों की गरिमामय उपस्थित रही । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ माता सरस्वती वंदन एवं संक्षिप्त राष्ट्र भक्ति के कार्यक्रमों के साथ हुआ । परिषद के ध्वजा रोहण के पश्चात खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक श्री राय ने गोला फेंक कर किया।

सिवनी विधायक श्री राय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में खेलों को उतनी प्राथमिकता नहीं दी जा रही है , जितनी शिक्षा को दी जाती है परंतु समय की आवश्यकता है कि खेलों को अधिक महत्व दिया जाये। जिस तरह दिमाग के सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। श्री राय ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं है यह संस्कार और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण करने वाला ऐसा संस्थान है जो देश को अनुशासित नागरिक देता है । श्री राय ने कहा कि देश का वर्तमान नेतृत्व नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम कर रहा है आप भी बेहतर कल के निर्माता है देश की बदलती हवा के अनुसार देश के नव निर्माण में सहभागिता करना है खेल को खेल भावना से खेले ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री विनीत अग्रवाल ने विद्याभारती की संकल्पना और खेल प्रतियोगिताओं में सहभागी भैया बहिनों को खेल को दीम भावना के साथ खेलने का संदेश देते हुये कहा कि खेल में हार जीत महत्वपूर्ण नहीं है खेल में प्रतिभागी बनना महत्व की बात है और इस रूचि को निरंतर बढाने से आपकी प्रतिभा में निखार आयेगा ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्याभारती के विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे ने खेल प्रतियोगिताओं के नियम और प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया सहित खेल प्रतियोगिताओं के संबंध में विद्या भारती की संरचना, उद्देश्य और महत्व से संबंधित बातो पर प्रकाश डाला ।

विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश यादव ने अतिथियों का परिचय और कार्यक्रम के संचालन अतिथि स मान सहित अतिथियों उपस्थितजनों का आभार प्रदर्शन किया । खेल प्रतियोगिताएँ विद्यालय परिसर एवं पुलिस ग्राउंड में संपन्न हुई । दौड़ प्रतियोगिताओं के लिये पुलिस ग्राउंड एवं अन्य प्रतियोगिताएं विद्यालय परिसर में संपन्न करायी गयी । इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक छिद्दी लाल श्रीवास, विजय शु ला, खेल प्रशिक्षक देवेन्द्र ठाकुर, अखिलेश पांडे, मुन्निया टांक, मुकेश चंदेल, सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

अतिथि शिक्षकों का मानदेय हुआ दोगुना

भोपाल :- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षकों की पंचायत को संबोधित करते हुये

उनकी अनेक मांगों को मानने के साथ उनके मानदेय को दोगुना कर दिया और कहा कि अतिथि शिक्षकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जब रेग्युलर शिक्षक नहीं थे तब अतिथि शिक्षक के रूप में आपको पढ़ाने का दायित्व सौंपा गया। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि अतिथि शिक्षकों ने पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वाह किया। मु यमंत्री श्री चौहान लाल परेड मैदान पर अतिथि शिक्षक पंचायत को 02 सितंबर को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने अतिथि शिक्षकों को अलग-अलग कालखण्डों के हिसाब से दिये जा रहे मानदेय के स्थान पर मासिक मानदेय प्रदान किये जाने की बात कही एवं अतिथि शिक्षक वर्ग-1 को अधिकतम 9000 रूपये के स्थान पर 18000 रूपये, अतिथि शिक्षक वर्ग-2 को अधिकतम 7000 रूपये के स्थान पर 14000 रूपये एवं अतिथि शिक्षक वर्ग-3 को अधिकतम 5000 रूपये के स्थान पर 10,000 रूपये प्रतिमाह मानदेय देय होगा।

चोरी गया ट्रक कान्हीवाड़ा पुलिस ने बरामद किया

सिवनी यशो:- जिले के कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत एक गेरिज के सामने खड़े ट्रक को अज्ञात लोग चुरा ले गए थे। पुलिस ने चोरी हुआ ट्रक बरामद किया हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिन हिफजुर्रहमान पिता अताउर्रहमान खान निवासी ब हनी थाना कान्हीवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गैरेज के सामने सुधरने आए ट्रक को अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। रिपोर्ट पर कान्हीवाड़ा पुलिस ने अपराध कायम कर मामला विवेचना मे लिया था। जिसके बाद ट्रक को बरामद किये जाने हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी।

टीम के द्वारा भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से अज्ञात चोर और ट्रक की तलाश की गई। जहां पुलिस को पता चला कि ट्रक मनसर के पास हैं। पुलिस जब वहां पहुंची तो पुलिस को देखकर चोर ट्रक क्रमांक टीएन88-ए-5195 को मनसर से भंडारा मार्ग पर ब्रिज के पास छोड़ कर भाग गया। जिसे बरामद पुलिस ने कब्जे में लिया। प्रकरण मे अज्ञात चोर की तलाश जारी हैं।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा मोहनीश बैस,प्रधान आरक्षक संजय यादव, सुरेश चौहान, संतोष शामिल रहे।

दो बाइक आपस में भिड़ी, दो लोग गंभीर घायल, जांच में जुटी धनोरा पुलिस

सिवनी यशो:- सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाले मेहता और दारोठ के बीच एक सड़क हादसा हो गया। जहां दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दो लोग गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस व 108 वाहन में दी। जहां घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लाया गया।

जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से एक की स्थिति को देखते हुए डॉ टर ने उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों में तीन-तीन लोग सवार थे। जिसमें एक छोटी बच्ची भी थी, जो सुरक्षित बच गई। घायलों में शिव चरण तेकाम पिता लक्ष्मण तेकाम उम्र 35 वर्ष को सिर पर गंभीर चोट लगी है व मनोज यादव शामिल हैं। फिलहाल पुलिस पूरी घटनाक्रम की जांच कर रही है।

गणेश प्रतिमा का निर्माण जोरों पर, कारीगरों को अच्छा प्रतिसाद मिलने की संभावना

सिवनी यशोः सिवनी नगर सहित पूरे जिले में गणेश उत्सव बहुत ही धूमधाम और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाता है । आगामी 19 सितंबर से गणेश को दसदिवसी गणेश उत्सव प्रारंभ होना है जिसको लेकर तैयारियाँ प्रारंभ हो गयी है । जहाँ मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे है वहीं मूर्तिकारों को गणेश उत्सव समितियाँ अपने मन पसंद की प्रतिमाओं के आर्डर दे रहे है । नगर में मूत्रिकार दुर्गा नामक का कहना है कि हम प्रतिमा निर्माण का कार्य पिछले 15 वर्षो से कर रहे है परंतु धीरे धीरे बाहर से प्लास्टर ऑफ पेरिस सहित अन्य मशीनों से बनी मर्तियों के प्रचलन ने हमारे व्यवसाय को समाप्तत करने का काम किया है और हमारा व्यापार कम हो रहा है । इस काम में हमारा पूरा परिवार रात दिन मेहनत करता है परंतु मुनाफा बहुत कम होता है । मूर्तिकार का पूरा परिवार भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ दुगां प्रतिमा और अन्य पर्व के लिये मिट्टी की प्रतिमाएँ निर्मित कर रहा है । वहीं गणेश पूजा पंडालों और आम आदमी के घरों गणेश उत्सव के दौरान मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को स्थापित करने का भाव भी तेजी से उत्पन्न हो रहा है मूर्तिकार ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक व्यक्ति उनसे संपर्क कर रहे है इस वर्ष अच्छी ग्राहकी रहने की संभावनाएँ दिख रही है । प्रदूषण रोकने के लिये प्रशासन के जागरूकता पूर्ण संदेशों का असर हो रहा है और लोग रासायनिक रंगों से युक्त मर्तियों की अपेक्षा मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे है ।

एक माह पहले से मूर्तियों के आर्डर मिल रहे है परंतु यह आर्डर बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले गणेश उत्सव के है घरों एवं छोटे गणेश उत्सव आयोजन की समितियाँ तत्काल में आकर मूर्तिया ले जाते है उनकी` या स्थिती रहती है यह स्पष्ट अनुमान नहीं हो पाता और कई बार अधिक मर्तियों का निर्माण उनके लिये नुकसानदायक हो जाता है बड़ी सं या में बाहर से जो मूर्तियाँ लाकर व्यापार करते है वे मशीनों से रासायनिक रंगों के प्रयोग कर निर्माण की जाती है और उसमें हम मूर्तिकारों को नुकसान होता है ।

आने वाली गणेश चतुर्थी को लेकर सिवनी शहर के सभी मूर्तिकार अपनी-अपनी गणेश प्रतिमाओं को आकार देने में लग गए हैं। गणेश प्रतिमा नगर के - मठमंदिर, शंकर मढ़िया, छिन्दवाड़ा चौक में सभी जगह / काम तेजी से प्रारंभ है और भी जगह पर गणेश प्रतिमाओं को बनाने का सिलसिला जोरों पर है गणेश प्रतिमा बनाने वाले कारीगरों ने मांग की है कि जिला प्रशासन प्लास्टर ऑफ पेरिस और बाहर से आने वाली मूर्तियों को प्रतिबंधित करें ।

हाईवे पर दौड़ रहे ट्रक में लगी आग

सिवनी यशो:- राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में अज्ञात कारणों ने शनिवार रात एक ट्रक में अचानक भीषण आग भड़क गई। अज्ञात कारणों भड़की आग की लपटों में ट्रक धू-धू कर जलने लगा। ट्रक में आग लगने की घटना के कारण फोरलेन सड़क के एक हिस्से में आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंचे बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बल की मदद से वाहनों को दूसरे हिस्से में डायवर्ट कर हाइवे से रवाना किया। सूचना पर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया। भोंगाखेड़ा-सोनाडोंगरी के पास हुए इस हादस में ट्रक में भड़की आग को काबू करने स्वयं थाना प्रभारी ने दमकल वाहन का पाइप पकड़कर ट्रक की आग बूझाने में जुट गए। दमकल द्वारा ट्रक में भड़की आग को किसी तरह नियंत्रित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि ट्रक वाहन नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा था, जिसमें कुशा से बनी चटाईयां भरी हुई थी। किन कारणों से ट्रक में आग भड़की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। ट्रक में लगी के आग के कारण इसमें सवार ड्रायवर व हेल्पर भी कुछ हद तक जल गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए भेज दिया गया है। घायलों के बारे में जानकारी ली जा रही है। ट्रक की आग को पूरी तरह काबू करने के लिए मौके पर दमकल वाहनों को पुनः पानी भरकर बुलाया जा रहा है।

फुलारा में आयोजित हुआ भुजलिया मेला

सिवनी यशो:- हर वर्ष की इस वर्ष भी विशाल भुजलिया मेला ग्राम फुलारा में आयोजित किया गया, यह भुजलिया मेला विगत 135 वर्ष से अपनी प्रथा को कायम रखते हुए दादू चंद्रिका प्रसाद से सेना जी की स्मृति में बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है।

इस वर्ष भी आसपास के क्षेत्र के सभी ग्रामीण भाई माता बहनों के एवं से सेना परिवार द्वारा उपस्थित होकर भुजलिया पर्व को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे शैला प्रतियोगिता भी की गई जिसमें प्रथम स्थान श्रीराम शैला मंडल डुंगरिया, द्वितीय स्थान राधा कृष्ण शैला मंडल कामठी, तृतीय स्थान शैला मंडल कुंडा एवं चतुर्थ पंचम स्थान शैला मंडल ग्राम मडवा एवं ग्राम ऐरपा को प्राप्त हुआ, वही सभी शैला मंडलों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

जबरन नॉलेज

लोनिया गोली कांड के फरार आरोपी गिर तार, पुलिस ने किया खुलासा

सिवनी यशोः- गत 30 अगस्त को थाना कोतवाली सिवनी क्षेत्रांतर्गत लोनिया ग्राम में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर तत्काल कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर तस्दीक करने पर पाया गया कि विशाल बघेल एवं उसके साथियों के द्वारा अल्ट्रोज कार से आकर पारिवारिक विवाद के चलते समुगल पक्ष के लोगों पर जान से मारने की नियत से बंदूक से फायर कर तलवार से हमला किया गया जिससे दो लोग घायल हुये है जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल सिवनी पहुचाया गया बाद थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्र. 802/23 धारा 294,307,34 ता. हि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की उक्त सूचना मिनले पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी. सिवनी के द्वारा संज्ञान में लेते हुये आरोपियों को पकड़ने हेतु थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी को निर्देशित कर टीम घटित की गई।

आरोपी की पतासाजी हेतु अलग अलग स्थानों पर टीम रवाना की गई मुखबिर लगाये गये। तकनीकी सहायता ली गई जो आरोपी घटना दिनांक से फरार थे इन आरोपियों के संबंध में 02 सितंबर को जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी भुरकल खापा मंडला रोड के जंगल में छुपे है । सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा जिनसे पूछताछ की गई जिसमें उन्होने जुर्म करना स्वीकार किया । जिन्हे विधिवत् गिर तार किया गया। बाद में आरोपियों से पूछताछ पर घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं

शेष पृष्ठ 04 पर

एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के बकाया बिल स्थगित

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने बताया है कि मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के बकाया बिलों की राशि को स्थगित किया गया है। बिलों की जाँच के बाद ही स्थगित बिलों के भुगतान पर निर्णय लिया जायेगा। निर्णय होने तक बकाया राशि पर सरचार्ज नहीं लगाया जायेगा।तोमर ने बताया कि एक सित बर 2023 से एक किलोवॉट तक के सभी बिजली उपभोक्ताओं को केवल चालू माह के ही देयक दिये जायेंगे। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण क पनियों के प्रबंध संचालक को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ता एक करोड़ हैं। इनमें से 69 लाख 86 हजार उपभोक्ताओं के कुल 4 हजार 15 करोड़ रूपये बकाया हैं।

रोड ऐ सीडेंट में 2 एसआई और एक आरक्षक की मौत

खरगोन। मध्य-प्रदेश के खरगोन में एक रोड ऐ सीडेंट में 2 सब इंस्पे टर और एक कॉन्स्टेबल की मृत्यु हो गई जबकि 2 कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हैं। सभी एक कार में सवार होकर सनावद जा रहे थे तभी एक डंपर ने सामने से आकर उनकी कार में टक्कर मार दी। तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया गया है कि सभी खरगोन में ड्यूटी पर तैनात थे। अपनी ड्यूटी पूरी करके सनावद वापस जा रहे थे। कार में कुल 5 लोग सब इंस्पे टर विमल तिवारी, सब इंस्पे टर रमेश भास्करे, कॉन्स्टेबल मनोज कुमावत, रागीवर रावत और कोमल सवार थे। सुबह करीब 5ः00 बजे बड़वाह क्षेत्र में एक डंपर ने उनकी कार को सामने से टक्कर मारी। इस हादसे में सब इंस्पे टर विमल तिवारी, सब इंस्पे टर रमेश भास्करे एवं कॉन्स्टेबल मनोज कुमावत का निधन हो गया जबकि कॉन्स्टेबल रागीवर रावत और कोमल दांगोडे गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें मेदांता हॉस्पिटल इंदौर भेजा गया है।

स्वाधीनता के अमृत-काल में खेल-जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनबाता भारत

राज किशोर वाजपेयी 'अभय'

15 अगस्त 1947 को भारत को विदेशी शासन से अपने अमर हुतात्मायों के संघर्ष और अपने प्राण भी न्यौछावर करने के समर्पण से स्वतंत्रता प्राप्त हुई।जिसके पश्चात भारत ने अपने नागरिकों की मेहनत और नेतृत्व के दिशा-वोध से गत 76 सालों में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

खेल जगत से भारतीय नौनिहालों का रिश्ता चिर-युगीन है।राम, कृष्ण के काल में भी मल्ल-विद्या, धनुर्विद्या,गदा विद्या का गौरवशाली उल्लेख मिलता है।

स्वतंत्रता के पूर्व भी भारत ओलंपिक खेलों में ब्रिटिश राज के अधीन स मिलित हो अपनी क्षमता का प्रदर्शन,विपरीत परिस्थितियों में भी करता रहा है।1928,1932,1936 के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम द्वारा सतत ओलंपिक विजेता बनने का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस इतिहास के केन्द्र में रहे हैं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद। जिनका जन्म 29अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। उन्हें भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट में मेजर के पद से सेवानिवृत्त होने के वर्ष में ही देश के सबसे बडे तीसरे स मान पद्म-भूषण से स मानित किया गया।

राष्ट्रीय-खेल दिवस ः इन्हीं ध्यानचंद जी के जन्मदिन 29 अगस्त को भारत के राष्ट्रीय खेल-दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय-खेल दिवस को 2012 में भारत के उत्सव सूची में शामिल किया गया। 2018 में खेलो इंडिया वाली क्रांतिकारी घोषणा ः भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 2018 में खेलो इंडिया वाली क्रांतिकारी घोषणा से यह खेलों में रूचि बढ़ाने का राष्ट्रीय अभियान बन गया और इसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) में ओलंपिक एवं विश्व स्पर्धा विजेता नीरज चोपड़ा ,लक्ष्य सेन, सानिया नेहवाल (बैडमिंटन) शतरंज में हरिका द्रोणावल्ली ,प्रगनानंद सहित 84 भारतीय ग्रैंड मास्टर, निशानेबाजी, तीरंदाजी, कुश्ती, टेबिल टेनिस के अतिरिक्त एथलेटि स में भी बढ़ता भारतीय रूतबा अपनी कहानी खुद कहता है।

नौकरियों में सरकार और संस्थानों के सहयोग ने लीग बना कुश्ती,फुटबाल और हॉकी को भी भारतीय क्षमता उभारने में सहयोग दिया है।

महिला खिलाडियों की उपलब्धियां भी कम नहीं रही है।मेरीकाम हो या मल्लेश्वरी, पी.वी.सिन्धु हो सानिया नेहवाल,अदिति-अशोक सब नये दौर की नई कहानी लिख रहे हैं।

पुरूस्कारों की प्रेरणा ः ध्यानचंद पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार के अतिरिक्त प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार भी देने से खेलो में भी भविष्य सुनहरा बना है।खेलोगे कूदोगे बनोगे महान की सोच आकार लेने लगी है। राज्य सरकारों द्वारा भी पुरूस्कारों की व्यवस्था की जाने से खेलों में रुझान बढ़ा है। ओलंपिक और विश्व स्तरीय स्पर्धाओं में भारतीय उपलब्धियां स्वयं यही प्रमाणित भी कर रही है।

राष्ट्रीय और राज्यों के बजट में उल्लेखनीय बृद्धि हुई है।परिणाम भी उत्साहवर्धक रहे हैं।

बहुत करना शेष अभी है- भारत विश्व का सबसे युवा जनसं या वाला देश है।विशव खेल पटल पर आर्थिक महाशक्तियों के प्रदर्शन खेलों के महाशक्तियों के रूप में भी दर्शित होते हैं।भारत अर्थ-व्यवस्था विश्व की सबसे तेज सतत बढ़ने वाली अर्थ - व्यवस्था बन गयी है वर्तमान में यह पाँचवी सबसे बड़ी विश्व अर्थव्यवस्था है जिसके शीध्र ही तीसरी विश्व अर्थव्यवस्था बन जाने की पूर्ण संभावना है।

अभी भारत में प्रतिभाओं को सुविधा और साधन सहज उपलब्ध नहीं है। सरकारें अब इस और ध्यान दें रही है। ग्रामीण क्षेत्रो में खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण की अधोसरंचना विकास की महती मूलभूत अनिवार्यता है उसके विकास से ही भारत को खेलों में भी विश्व नेतृत्व करने की आकांक्षा को पूरा किया जा सकता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की सार्थकता इसी लक्ष्य को ध्यान में रख जुट जाने में है।तभी स्वतंत्रता के शताब्दी-बर्ष में हम खेलों में भी सिरमौर होने के अपने स्वर्णिम सपने को साकार कर सकते हैं। यही भारत माँ का भी अभीष्ट है।

5 सितंबर को भोपाल में होगा राज्य स्तरीय शिक्षक स मान समारोह

14 शिक्षकों को मिलेगा इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक पुस्कार

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक स मान समारोह 5 सित बर को भोपाल में आयोजित होगा। समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों को स मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 8 और उच्चतर माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 6 शिक्षकों का चयन किया गया है। इस तरह कुल 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से स मानित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2022 प्राप्त दो शिक्षकों रायसेन जिले से श्री नीरज से सेना और शाजापुर जिले से श्री ओमप्रकाश पाटीदार को भी स मानित किया जाएगा। स मानित होने वाले शिक्षकों को आयोजन के बाद ऐ सपोजर विजिट भी करायी जाएगी।

राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों में प्राथमिक एवं माध्यमिक (कक्षा 1 से 8) शिक्षक श्रेणी में राजगढ़ जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती पूजा पनवार, बालाघाट जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिलोतमा कटरे, दमोह जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती संध्या तंतुवाय, सीधी जिले से प्राथमिक शिक्षक श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इंदौर जिले से सहायक शिक्षक श्रीमती नमिता दुबे, ग्वालियर जिले से सहायक शिक्षक श्रीमती सुनीता पाठक, सिंगरौली जिले से माध्यमिक शिक्षक श्री शरद कुमार पांडे एवं दमोह जिले से माध्यमिक शिक्षक श्री विमल कुमार पटेल शामिल हैं।

उच्चतर माध्यमिक (कक्षा 9-12) शिक्षक श्रेणी में मुरैना जिले से उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री राकेश कुमार शर्मा, उज्जैन जिले से शिक्षक श्री राजेश राठौर, छिंदवाड़ा जिले से माध्यमिक शिक्षक श्रीमती मनीषा जैन, सागर जिले से माध्यमिक शिक्षक श्रीमती शालिनी, बड़वानी जिले से सहायक शिक्षक श्री अजय यादव एवं उज्जैन जिले से प्राचार्य श्री अशोक कुमार से सेना का चयन किया गया है।

कायाकल्प योजना में कार्यादेश नहीं देने वाले नगरीय निकायों से राशि वापस लेने के निर्देश

भोपाल । नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने निर्देशित किया है कि ऐसे नगरीय निकाय जहाँ अभी तक कायाकल्प योजना में निविदाएँ स्वीकृत नहीं की गई हैं अथवा निविदा स्वीकृत कर कार्यादेश नहीं दिया गया है, उन निकायों से एक सप्ताह में प्रथम किश्त की राशि वापस ले लें। वापस ली गई राशि ऐसे नगरीय निकायों को दी जाए जहाँ कार्यों को पूरा करने के लिए राशि की आवश्यकता है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि कायाकल्प योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों की सड़कों के कार्यों को कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अभी भी प्रदेश के लगभग 25-30 नगरीय निकायों में कार्यों की निविदाएँ नगरीय निकायों द्वारा स्वीकृत नहीं की गई हैं, जबकि योजना की प्रथम किश्त की राशि उन नगरीय निकायों को दी जा चुकी है। दूसरी ओर ऐसे कई नगरीय निकाय हैं, जहाँ कार्य लगभग समाप्ति पर है, परन्तु द्वितीय किश्त के अभाव में कार्यों का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

अस्थाई कने शन लेकर ही झाँकी-पंडाल की सज्जा करें -ऊर्जा मंत्री

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने कहा है कि गणेशोत्सव तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कने शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। मंत्री श्री तोमर ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा, नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कने शन लेकर ही करें।

अस्थाई कने शन लेने हेतु या करें कंपनी के निकटतम जोन कार्यालय/ वितरण केन्द्र में निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कने शन के लिये आवेदन करें। बिजली कंपनी के श्र्रहद्बुद्य.द्बक्ष5.द्बठ्ठ पर भी अस्थाई कने शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएँ। आवेदन में दर्शाए विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा करा कर बिजली कंपनी से अस्थाई कने शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमिनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएँ। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कने शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कने शन के लिये लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झाँकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनाधिकृत तरीके से विद्युत उपयोग न करें।

अस्थाई कने शन न लेने से होने वाले नुकसान

*अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका।

*पोषण एव वितरण प्रणाली पर विपरीत असर होने से अग्नि की संभावना।

*अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं संबंधित विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही।

*अनाधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही।

यूरोप की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट एल्ब्रुज' पर लहराया तिरंगा

म.प्र. टूरिज्म बोर्ड में ज्वाइंट डायरेक्टर है वरूण वडेरिया

भोपाल। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर (वित्त) श्री वरुण वडेरिया ने यूरोप की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट एल्ब्रुज' पर तिरंगा लहराया है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति एवं प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शु ला ने श्री वडेरिया को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री वडेरिया ने इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर लाइबिंग एंड माउंटेनियरिंग से मान्यता प्राप्त संस्था नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ उत्तराकाशी से माउंटेनियरिंग कोर्स किया है। श्री वडेरिया ने बताया कि समुद्र तल से 5642 मीटर ऊँचे 'माउंट एल्ब्रुज' पर चढ़ाई काफी चुनौतीपूर्ण रही। ऊँचाई पर तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता है और हवा का बहाव काफी तेज होता है। चोटी की खड़ी चढ़ाई में हवा और ठंड आपकी कठोर परीक्षा लेती है। इसलिये यह यूरोप की न सिर्फ सबसे ऊँची चोटी है बल्कि चुनौतीपूर्ण भी है।

योग, प्राणायाम से मिला फायदा

वडेरिया ने पर्वतारोहण से पहले कई स्तर पर तैयारी की थी। पिछले दो माह से रनिंग और योग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एल्ब्रुज चोटी पर ऑक्सीजन और एयर प्रेशर काफी कम हो जाता है। इनके प्रभाव से साँसे फूलने लगती हैं। लेकिन योग, प्राणायाम के कारण काफी फायदा मिला और औसत समय से पहले ही चढ़ाई पूरी कर ली। श्री वडेरिया एक प्रशिक्षित पर्वतारोही हैं, जिनका लक्ष्य सेवन समिट (सप्त चोटी) पर तिरंगा फहराना है। सेवन समिट सात पारंपरिक महाद्वीपों में से प्रत्येक के सबसे ऊँचे पर्वत हैं।

उज्जैन में मनता है विशेष पर्व; जहां छड़ियों के रूप में बाबा महाकाल को नमन करने आते हैं गोगादेव महाराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के उज्जैन में बहुत ही कम लोग यह जानते हैं कि शहर में एक ऐसा पर्व भी धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें गोगादेव महाराज छड़ियो के माध्यम से बाबा महाकाल को नमन करने पहुंचते हैं फिर धूमधाम से यह उत्सव मनाया जाता है। श्रावण शु ल पक्ष की पूर्णिमा पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम अवंतिका पुरी उज्जैन द्वार श्री गोगादेव महाराज एवं भगवान श्री महाकालेश्वर जी का मिलन गोगा देव जी की छड़ियों का 26 वा मेला धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया।

सबसे पहले राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने श्री गोगा जी महाराज का चित्र पूजन किया। जिसके बाद छड़ियो के इस चल

समारोह की शुरुआत हुई जो की विभिन्न मार्गो से होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचा जहां गोगा जी और महाकाल भगवान का मिलन हुआ। इस मेले में लगभग 12 से 13 प्रांतों की छड़िया (निशानो) ने भाग लिया। 121 झंडो की विशाल शोभायात्रा भगवान महाकालेश्वर जी को प्रणाम करने के बाद प्रारंभ हुई, जो कि शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पहुंची।

इस दौरान महंत विनीत गिरी महाराज, पंडित दिनेश त्रिवेदी और महाकाल मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित राजेन्द्र शर्मा गुरूजी, राम शर्मा एवं पुरोहित, पुजारीगणों के आचार्यत्व में पूजन अर्चन किया गया। उसके पश्चात संपूर्ण देश से आए हुए निशानों का पूज्य संत उमेशनाथ महाराज और महाकालेश्वर मंदिर के गादीपति, महंत विनीत गिरी महाराज, नेता प्रतिपक्ष रवि राय व शहर के प्रबुद्ध गणमान्य नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पूजन कर शोभायात्रा प्रारंभ की गई।

चल समारोह में विशेष रूप से झांसी उत्तर प्रदेश, राजस्थान जयपुर, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा, हरियाणा और पंजाब के भक्तजनों ने भाग लिया। श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम की ओर से सभी निशानों के उस्ताद खलीफा का शॉल श्रीफल भेंट कर स मान किया गया।

गोंड पेंटिंग ने किया विश्वभर के कला पारखियों का ध्यान आकर्षित

ब्राजील के प्रेसिडेंट के आधिकारिक निवास की शोभा बढायेगी गोंड पेंटिंग

भोपाल। मध्यप्रदेश की गोंड पेंटिंग अब ब्राजील के प्रेसिडेंट लुइज इनासिओ लूला दा सिल्वा के आधिकारिक आवास की शोभा बढ़ायेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 15वें ब्रि स समिट के समापन में ब्राजील के प्रेसिडेंट लुइज इनासिओ लूला दा सिल्वा को सुंदर गोंड पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की।

मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग को विशिष्ट शैली और अनूठी डिजाइन के लिए जी आई टैग मिल चुका है। यह एक प्रकार का बौद्धिक संपदा अधिकार है।

गोंड जनजाति के कलाकार पीढ़ियाँ से इस कला को संजो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी अपने प्रसिद्ध संवाद कार्यक्रम %मन की बात% में पद्मश्री पुरस्कार विजेता भज्जू श्याम के बारे में चर्चा कर चुके हैं जो इस गोंड चित्रकला के प्रमुख चित्रकार हैं। वे कि?सी समय जबलपुर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। प्रधानमंत्री के शहडोल दौरे के दौरान मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें एक खूबसूरत गोंड पेंटिंग भेंट की थी। गोंड पेंटिंग एक अप्रतिम कला रूप है जो समय के साथ मानव के प्रकृति के साथ जुड़ाव को प्रदर्शी?त करता है। सबसे बड़े जनजातीय वर्ग %गोंड% ने इस कला में माहिर हैं और इसका पोषण करते आ रहे हैं। वे जो मु य रूप से मध्यप्रदेश में निवास करते हैं।

गोंड कलाकारों की कला उनकी लोक कथाओं, संस्कृति और पारंपरिक कहानियों पर आधारित है। ये सभी गोंड चित्रकला के जीवंत तत्व हैं। गोंड पेंटिंग में खुशियों, रीति-रिवाजों और मनुष्य के प्रकृति के साथ संबंध का चित्रण होता है। यह कला कलाकारों की उच्च स्तरीय कल्पना से जन्म लेती है। मु य रूप से बिन्दुओं और रेखाओं का रचनात्मकता के साथ उपयोग कर बनती है।

कलाकारों का मानना है कि अच्छी छवियों से रूबरू होने वाले व्यक्ति के साथ अच्छाई साथ होती है। कलाकार मानते हैं कि भाग्य उनके होता जो अच्छी छवियाँ देखते हैं। इसलिए समुदाय के हित के लिए प्रकृति की खूबसूरती आसपास रहना जरूरी है । गोंड जनजाति के लिए कला केवल व्यावसायिक और सौंदर्य के आनंद तक सीमित नहीं है। उनकी नजर में कला भूतकाल और वर्तमान के बीच गहरा संबंध बनाती है। गोंड कलाकारों का गहरा विश्वास है कि हर बार चित्र बनाना एक आध्यात्मिक उद्यम है और यह अज्ञात सर्वशक?िमान के प्रति प्रार्थना का कार्य है।

गोंड चित्रकला प्रकृति पूजा के साथ सुरक्षा प्राप्त करने और बुराईयों को दूर भगाने का भी माध्यम है। गोंड चित्रकला का आधार यह है कि एक अच्छे चित्र को देखने से भाग्य भी साथ देता है। वे अपने घरों को और आंगन को पारंपरिक टैटू और मोट?िफ से सजाते हैं। मौसम के बदलाव से जुड़े त्यौहार या रिवाजों के दौरान या परिवार में महत्वपूर्ण अवसर पर जैसे जन्म, विवाह पर चित्र बदलते जाते हैं।

चित्रों - गोंड चित्रकला की शैली अत्यंत वि?शिष्ट है। छवयों को भरने के लिए एक डिज़ाइन को बार-बार दोहराया जाता है। प्रत्येक कलाकार अपनी स्वयं की शैली विकसित कर लेता है। इस प्रकार जानवर, छिपकलियाँ, बाघ, हिरण, सांप, जंगली सूअर, गाय, बंदर, हाथी, घोड़ा और मछली गोंड चित्रकला के प्रमुख विषय हैं। शहरी जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे हवाई जहाज, साइकिल, कार आदि भी उनकी कला के विषय हैं। इसके अलावा पौराणिक कथाएँ, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान गणेश भी विशेष रूप से चित्रित किये जाते हैं। स्थानीय देवियों में फुलवारी देवी, जहरीन देवी, मरही देवी भी विशेष रूप से नजर आती हैं। इन सबके साथ गोंड चित्रकला का मु य विषय प्रकृति चित्रण है। कलाकार प्रकृति को विभिन्न तरीकों से कैनवास पर उकेरते हैं। वे मानते हैं कि मनुष्य और प्रकृति एक दूसरे से अलग नहीं है।

शैली- गोंड चित्रकला की शैली अत्यंत वि?शिष्ट है। छवयों को भरने के लिए एक डिज़ाइन को बार-बार दोहराया जाता है। प्रत्येक कलाकार अपनी स्वयं की शैली विकसित कर लेता है। इस प्रकार अपनी स्वयं की विकसित शैली को ॰स्सिग्नेचर पैटर्न॰ कहा जाता है। ब्रश की जगह टहनियों, कॉटन बाल का उपयोग किया जाता है।

नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सुनिश्चित करें- प्रमुख सचिव शु ला

भोपाल । प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं प्रबन्ध संचालक जल निगम श्री संजय कुमार शु ला ने समूह जल-प्रदाय योजनाओं से किये जा रहे पेयजल प्रदाय की समीक्षा बैठक में नियमित स्वच्छ और शुद्ध जल का प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जल-प्रदाय की वास्तविक जानकारी जल निगम की वेबसाइट पर भी नियमित रूप से अपडेट करने को कहा जाये। बैठक में निगम के अतिरिक्त प्रबन्ध संचालक, परियोजना निदेशक, मु य महाप्रबन्धक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समूह जल-प्रदाय योजनाओं से पेयजल प्रदाय की नियमितता, मात्रा, गुणवत्ता आदि की समीक्षा की गयी। जानकारी दी गयी कि वर्तमान में जल निगम में कुल 31 समूह जल-प्रदाय योजनाओं से 1499 ग्रामों में जल-प्रदाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निगम की 37 अन्य योजनाओं से 1631 ग्रामों को पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। योजनाओं से पेयजल प्रदाय की जानकारी प्रतिदिन संबंधित परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा प्राप्त की जाती है। वर्तमान में पेयजल प्रदाय निर्धारित मात्रा में मानक गुणवत्ता अनुसार किया जा रहा है। ऐसे ग्रामों, जहाँ पेयजल प्रदाय बाधित है, में नियमित जल-प्रदाय सुनिश्चित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैंच 10 सित बर को

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (हृष्टक्क्ष्टक्र) नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के अधीन गठित एक संवैधानिक निकाय है। आयोग का मु य अधिदेश सभी बच्चों को संविधान के विभिन्न अधिनियमों/कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गत निहित अधिकारों का लाभ लेने हेतु सक्षम बनाना है। आयोग द्वारा 10 सित बर 2023 को प्रातः 9ः00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष जिला सिवनी में बाल अधिकारों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के निराकण हेतु आयोग की बेंच/कै प का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों के संबंध में नि न प्रकार की शिकायते प्राप्त कर उनकी शिकायत का निराकरण किया जायेगा। जो नि नानुसार हैं- बाल श्रम संबंधी शिकायते, दिव्यांग बच्चों से संबंधी शिकायते, बाल भिक्षावृत्ति, बाल शोषण, बाल व्यापार, बाल मृत्यु, गुमशुदा बच्चें, बाल अपहरण, बाल हत्या, बाल आत्महत्या, बाल अधिकारों का हनन संबंधी शिकायतें, बाल देखरेख संस्थाएँ, छात्रावास संबंधी शिकायतें, बाल शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित शिकायतें, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, आई.टी. ऐ ट 2000, साइबर से टी से संबंधित शिकायतें, बाल स्वास्थ्य देखरेख, बाल कल्याण एवं बाल विकास से संबंधित शिकायतें, बाल मनोविज्ञान से संबंधित शिकायतें, बच्चों के संबंध में असुरक्षित परिवार एवं अतिसंवेदनशील बच्चों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

बस टर्मिनल को नवीन स्थल पर स्थानांतरित करने के लिए बैठक स पन्न

सोमवार को सौंपा जायेगा ज्ञापन

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड की पुर्न घनल्लीकरण योजना के अंतर्गत वर्तमान में स्थित प्राईवेट बस स्टेंड के पीछे जेल विभाग की भूमि में से 4 एकड़ में नवीन बस टर्मिनल का निर्माण करने हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चूकी है जहां वंशिका कंस्ट्रे शन को बोर्ड ने निर्माण कार्य हेतु अधिकृत भी कर दिया है।

विगत एक सप्ताह से इस स्थान पर नवीन बस टर्मिनल बनाये जाने का विरोध सोशल मीडिया पर नगर के जागरूक नागरिकों एवं युवाओं द्वारा किया जा रहा था, शनिवार को दोफहर 2 बजे डूंडासिवनी स्थित मोती महल लॉन में बैठक हुई, इस दौरान उपस्थित आम नागरिकों के विचार लिये गये। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि सोमवार को जिला कले टर सिवनी से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपकर नवीन स्थल पर टर्मिनल बनाये जाने का अनुरोध किया जायेगा। सर्वस मति से हुए निर्णय में वैकल्पिक रूप से तीन स्थान सुझाव के दौरान आये, जिसमें से आम सहमति रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बीज निगम

की 40 हे टेयर भूमि में से आवश्यकता अनुसार भूमि अधिग्रहण कर नवीन टर्मिनल बनाये जाने पर विचार हुआ।

इस दौरान बताया गया कि इस मार्ग से नागपुर-जबलपुर फोरलेन, छिंदवाड़ा जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग, मंडला, बालाघाट, कटंगी जाने वाले मार्ग सीधे जुड़े हुए है। प्रस्ताव दिया जायेगा कि नवीन टर्मिनल से नागपुर, जबलपुर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, सतना, सीधी, रीवा, इलाहबाद, सागर, रायपुर व अन्य महानगरों की ओर जाने वाली बसों को संचालित किया जाये।

वर्तमान में स्थित दो सरकारी एवं एक प्राइवेट स्टेंड से जिले के सभी 8 विकासखंडों एवं ग्रामीण अंचलों तक यात्रियों को सेवा देने वाली बसें यथावत संचालित की जाये ताकि सुदूर ग्रामीण इलाकों से आने वाले नागरिकों को बुधवारी बाजार, नेहरू रोड तक जाने में कोई दिक्कत न हो, साथ ही कले टर परिसर और न्यायालय के कार्यों से आये ग्रामीणों को भी इस नवीन सुविधा से कोई परेशानियां नही होगी।

युवाओं का मानना था कि नवीन स्थल पर टर्मिनल बन जाने के बाद नगर के एक मात्र मु य मार्ग जीएन रोड पर यातायात का दबाब कम होगा जिससे ट्रेफिक जाम की स्थिति बनना समाप्त हो जायेगी। स्टेशन के सामने टर्मिनल बनने से यात्रियों को ट्रेन एवं बस दोनों से सफर करने का विकल्प भी आसानी से मिलेगा। जिस भूमि पर प्रस्ताव दिया जा रहा है वहां से थोक सब्जी मंडी अत्यंत नजदीक है जिससे किसानों को भी अपनी उपज लाने में सुविधा होगी।

बैठक में दो अन्य स्थलों के सुझाव भी वैकल्पिक तौर पर रखे गये जिसमें अकबर वार्ड स्थित डालडा फै ट्री के सामने उद्योग विभाग की खाली पड़ी 7 एकड़ रिक्त भूमि के अलावा ग्राम बीझावाड़ा में जिला पंचायत कार्यालय के समीप पूर्व से जिला प्रशासन द्वारा बस स्टेंड के लिए आरक्षित की गई ढाई हे टेयर जमीन पर भी विचार किया गया।

सोमवार को युवाओं व जागरूक नागरिकों का प्रतिनिधि मंडल कले टर क्षितिज सिंघल से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेगा। प्रशासनिक तौर पर मिलने वाले संकेतों के उपरांत ही एक बार फिर सार्वजनिक तौर पर सूचना देकर बस स्टेंड टर्मिनल को नवीन स्थान पर ले जाने के लिए आगे की रणनीति बनायी जायेगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 12 सित बर को

सिवनी यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पंवार नवजीवन विजय की अध्यक्षता में विगत 31 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के जिले में सफल आयोजन हेतु जिलास्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सिवनी एस.के.सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.के.पटेल, महेश बघेल, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री राजेश लिल्हारे, डॉ. आर.के.धुर्वे तथा मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी उमेश बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है। जिसमें समस्त विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से 1- 19 वर्ष के बच्चों, किशोर/ किशोरियों को एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. गोली का सेवन कराया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में कृमिमुक्ति के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिलें में 12 सितंबर 2023 को ''राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस'' तथा 15 सित बर 2023 को मॉप अप दिवस का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत शासकीय /शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, प्रायवेट शालाओं, केंद्र शासित शालाओं, मदरसों, स्थानीय निकाय की शालाओं, आंगनवाड़ी केंद्रो तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत संचालित चाईल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय समस्त बच्चों का कृमिनाशन किया जायेगा ताकि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित हो।

उक्त बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजय द्वारा उपस्थित समस्त विभाग प्रमुखों को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर विशेष कार्ययोजना बनाई ।

मतदाता जागरूकता गतिविधियों अंतर्गत स्कूल एलुमिनी मिट का किया गया आयोजन

जिला निर्वाचन अधिकारी सिंघल ने नवमतदाताओं को दिलाई मताधिकार का उपयोग करने की अपील

सिवनी यशोः- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार 1 सितंबर को उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में स्कूल एलुमिनी मिट का आयोजन कर स्कूलों से उत्तीर्ण एवं अध्यनरत नव मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़ाने एवं अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने कहा कि लोकतंत्र को सुदृढ करने के लिए हम सभी का मतदान करना आवश्यक हैं। मतदान हम सभी का अधिकार ही नही बल्कि नैतिक जि मेदारी हैं। कले टर श्री सिंघल ने नवमतदाताओं को निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी नव मतदाताओं से 11 सितंबर तक अपने मतदान केंद्र में उपस्थित होकर बीएलओ की मदद से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़ाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में जिला पंचायत मु य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी नवजीवन विजय, डीपीसी महेश बघेल सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी सं या में नवमतदाताओं की उपस्थिति रही।

अतिथि शिक्षक हेतु 5 सित बर तक लिए जाएगे आवेदन

मंडला। अतिथि शिक्षकों के आवेदन समस्त अभिलेखों सहित कन्या शिक्षा परिसर मंडला कार्यालय में 6 सित बर 2023 को सायं 4 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। पैनल मेरिट आधार पर तैयार किया जाएगा। रिक्त पदों में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 विषय संगीत के लिए स्नातक डिग्री तथा अतिथि शिक्षक वर्ग-3 पुस्तकालय सहायक के लिए बीएलआईबी डिग्री एवं डीसीए व पीजीडीसीए के लिए एक-एक पद रिक्त हैं।

भूतपूर्व छात्रा स मेलन मे महाविद्यालय मे सुविधा के दिये सुझाव

मतदान हमारा मौलिक अधिकार-शाहेदा

सिवनी यशोः-कन्या महाविद्यालय की शुरुआत सन 1983 में की गयी थी उस दौरान मात्र 40 छात्राये थी लेकिन आज इस महाविद्यालय में छात्राओं की सं या हजारों में और महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को जो सुविधा मिलना चाहिए उन सुविधाओं को लेकर छात्राओं ने प्राचार्य डा. अमिता पटेल सहित डॉ. शाहेदा खान सोनाली जायसवाल अनिता भट्ट डा.शेवराव नावगे ओम प्रकाश सरवैया की उपस्थिति में भूतपूर्व छात्र संघ की बैठक में सुझाव रखें।

श्रीमति ममता पारधी ने कहा कि कन्या महाविद्यालय में ग्रामीण शहरों से जो छात्राये आती है बस में किराये

के रूप में लगने वाले बोझ को आर.टी.ओ के माध्यम से कम किया जाये तथा छात्राओं के करंशेशन पास बनाये जाये! महाविद्यालय में कैंटिन एवं फोटो काफी-न्यूनतम दाम्रों में प्राप भ की जाये। तरबुम खान निशा के कहा कि- महाविद्यालय में अध्ययन के लिए स्टडी रूम बनाया जाये तथा छात्राओं को बैठने के लिए रूम बनाये जाये। गेट पर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाये।

निकिता शर्मा ने कहा कि यहाँ पर रहने को विज्ञान विषय है मगर सर्व सुविधायुक्त प्रयोगशाला नहीं होने से परेशानी उत्पन्न होती है। भूमेश्वरी चिचाम ने कहा कि छात्राओं के लिए क प्युटर प्रशिक्षण की जो व्यवस्था है उसका अभाव है उसकी पूर्ति की जाये। वालिकाओ की आवश्यकता को देखते हुये न्यूनतम दाम देकर काटन पेड की मशीन लगाई जाये।

इस अवसर पर छात्राओं के समय श्रीमति शाहेदा खान ने कहा कि आम तौर पर महाविद्यालय छोडने के बाद छात्राएं मतदान करने से परहेज करती है जबकि संविधान के महाराज का अधिकार हर व्यक्ति को दिया है अतः आप इसके महत्व को समझे और अपने परिवार और रिश्तेदरों को भी प्रेरित करें। आपका मतराज्र राष्ट्र को आगे बढाने में सहायक होगा। इस दौरान सोनाली जायसवाल ने भी अपने विचार रखे, अनिता भट्ट ने भी वोट के महत्व पर प्रकाश डाला।

धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 20 सित बर से

किसान स्वयं कर सकेंगे पंजीयन

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन हेतु किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया के संबंध में म.प्र.शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग. मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पंजीयन नीति के अनुसार किसान पंजीयन की समयावधि 20 सित बर 2023 से दिनांक 5 अे टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है।

पंजीयन नीति के अनुसार किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है, जिसके अनुसार किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। किसान द्वारा नि नलिखित स्थानों /तरीकों से पंजीयन कराया जा सकेगा।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्थाङ्क स्वयं के मोबाईल अथवा क प्यूटर से पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक पर जाकर, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, पूर्व वर्षो की भांति सहकारी समिति/ SHG / FPO/ FPC द्वारा संचालित जिले के 66 पंजीयन केन्द्र पर किसानपंजीयन करा सकते हैं।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था-एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क पर, लोक सेवा केंद्र पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर।

उन्होंने बताया कि उपार्जन के लिए किसान का पंजीयन करने के पूर्व भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी बटाईदार एवं वन पटटाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल / सहकारी समिति/SHG/ FPO/FPC स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। उक्त श्रेणी के शतप्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त हङ्कक से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सके गा। पंजीयन केन्द्र संचालनकर्ता स्थानीय बाजार से IDAI द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के बायोमेट्रिक डिवाईस क्रय कर सकते है। किसान पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खातों एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्जखाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही उक्त पंजीयन मान्य होगा। किसान उपार्जन केन्द्र पर जाकर फसल बेचने के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य (पिता, भाई, पति, पुत्र आदि) को नामित कर सकेंगे। नामित व्यक्ति का भी आधार वेरीफिकेशन कराया जाएगा। उपार्जन केन्द्र पर आधार के बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत ही नामित व्यक्ति फसल का विक्रय कर सकेंगे। कृषि भूमि सीमा अधिनियम के तहत निर्धारित भूमि सीमा से अधिक भूमि का पंजीयन किसी भी स्थिति में नही किया जाए।

भिंड के नाम विश्व की सबसे बड़ी राखी का रिकॉर्ड दर्ज, 1150 फीट है लंबाई

भिंड। चंबल अंचल के भिंड जिले की मेहगांव तहसील में 1150 फीट लंबी राखी तैयार की गई। अब तक विश्व की यह सबसे बड़ी राखी है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, एशिया बुक आफ रिकार्ड, इंडिया बुक आफ रिकार्ड, ओएमजी बुक आफ रिकार्ड, वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड के प्रतिनिधि विश्वनाथ, वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड के प्रतिनिधि नवनीत सिंह व प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में राखी की नियमानुसार माप की गई। कोटा और दिल्ली के कारीगरों के सहयोग से यह राखी 15 दिन में तैयार हो सकी। राखी का सबसे बड़ा फूल 25 फीट व्यास में गोलाकार है। राखी के अन्य गोलाकार फूलों का आकार क्रमशः 20 फीट, 15 फीट, 10 फीट, पांच फीट व्यास है। फूलों के आगे साड़ियों की डोर तैयार कराई गई। राखी तैयार करने में थर्माकोल, लकड़ी और साड़ियों समेत अन्य सामान का उपयोग किया गया। श्रावणी महोत्सव के तहत वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता अशोक भारद्वाज द्वारा तैयार कराई इस राखी को लाड़ली बहनों ने उन्हें बांधा। कार्यक्रम के दौरान दंदरौआधाम के महंत रामदास महाराज भी मौजूद रहे।

दीनदयाल रसोई की थाली अब 5 रुपये में मिलेगी - मु यमंत्री चौहान

***श्रमिकों के कार्य-स्थल के पास चलित भोजनालय आरंभ होंगे**
***मु यमंत्री चौहान ने 66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का किया शुभारंभ**
***मु यमंत्री ने 38 हजार से अधिक आवासहीनों को प्रदान किए भूमि के पट्टे**
***मु यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत अब 10 रुपये के स्थान पर 5 रुपये की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। मजदूरों को कार्य-स्थल के पास ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में शीघ्र ही चलित रसोइयां आरंभ की जाएगीं। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को इस योजना में कवर किया जाएगा। प्रदेश की जिन नगर पंचायतों की आबादी 20 हजार से अधिक है, वहाँ भी दीनदयाल रसोई योजना आरंभ की जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ कर प्रदेश की 66 नगरपालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का वचुंअल शुभारंभ किया तथा 38 हजार से अधिक आवासहीनों को आवास के लिए भूमि के पट्टे वितरित करने की शुरुआत की। मु यमंत्री ने कन्या-पूजन तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मु यमंत्री श्री चौहान को सुरजना तथा तुलसी का पौधा भेंटकर मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम से सभी नगरीय निकाय वर्चुअली जुड़े।

गरीब को उनके अधिकार देना हमारा कर्तव्य

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि आज का दिन गरीब कल्याण की दृष्टि से ऐतिहासिक दिन है। हमारे आराध्य पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि दरिद्र ही नारायण है और दीन-दुखियों की सेवा ही भगवान की सेवा है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। धरती के संसाधनों पर सभी का हक है और गरीब को उनके अधिकार देना हमारा कर्तव्य है।

प्रदेश में कोई भी गरीब, जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारा मानना है कि धरती पर जो आया है, उसके रहने के लिए जमीन होना चाहिए। गांव में मु यमंत्री भू-अधिकार योजना के अंतर्गत गरीबों को पट्टे दिए जा रहे हैं। शहरों में भी कोई व्यक्ति रहने की जमीन के बिना नहीं रहेगा। शहरों में 23 हजार एकड़ भूमि, माफिया से मुक्त करवाई गई है, जिस पर सुराज कॉलोनियां विकसित की जा रही है। अधिक से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएं इस उद्देश्य से मल्टी स्टोरी बनाने की व्यवस्था भी की गई है। वर्ष 2020 तक के कब्जाधारियों को पट्टा उपलब्ध कराने का अभियान आरंभ किया गया है, उन्हें मकान भी दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिनके नाम छूट गए हैं, उन गरीब वंचितों को मु यमंत्री जन आवास योजना में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में कोई भी गरीब, जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा।

गरीब कल्याण के लिए राज्य सरकार सर्वांगीण व्यवस्था कर रही

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए राज्य सरकार सर्वांगीण व्यवस्था कर रही है। राशन, आवास के लिए जमीन व मकान, भोजन के लिए दीनदयाल रसोई, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ जन के लिए तीर्थ-दर्शन योजना, पढ़ाई के लिए विभिन्न प्रोत्साहन, शहरों में रैन बसेरे की व्यवस्था और गरीबों के मेधावी बच्चों के लिए मु यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना चलाई जा रही है। यह हमारा प्रण है कि गरीब का कोई बेटा-बेटी धन के अभाव में पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा। पिछली सरकार ने विद्यार्थियों को दी जाने वाली साइकिल, लैपटॉप, संबल योजना और तीर्थ-दर्शन की व्यवस्था बंद कर दी थी। हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लोगों की जिंदगी बदलने का अभियान चला रही है। प्रदेश में आरंभ की गई लाड़ली बहना योजना से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं।

प्रदेश में अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना करें

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि हम सरकार नहीं परिवार चला रहे हैं। हमारा 9 करोड़ लोगों का परिवार है। इनके सुख हमारे सुख हैं इनका दुख हमारा दुख है। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी से प्रदेश में अच्छी वर्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने का आव्हान किया। अभी तक की वर्षा से प्रदेश के बांध नहीं भरे हैं। बिजली की मांग बढ़ रही है, सभी व्यवस्थाएं ठीक करने की कोशिश की जा रही है। सभी कुछ ठीक चले, यह हम सब की जि मेदारी है।

प्रदेश के किसी भी नगरीय निकाय में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी

मु यमंत्री चौहान ने स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने के लिए सभी से योगदान देने का आव्हान भी किया। मु यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसी भी नगरीय निकाय में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 800 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, साथ ही 1200 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी नगरीय निकायों को सड़कों की मर मत आदि के कार्य तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए।

दीनदयाल रसोई से अब तक 2 करोड़ 25 लाख से अधिक लोग लाभान्वित - मंत्री भूपेन्द्र सिंह

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा लिया गया गरीबों को निःशुल्क पट्टे उपलब्ध कराने का निर्णय एतिहासिक है। लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना मु यमंत्री श्री चौहान के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन से ही संभव हुआ है। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने आभार माना।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन संबंधी प्रशिक्षण 4 से 15 तक

मंडला यशोः- पीएमईजीपी योजना के तहत् हितग्राहियो को ईडीपी प्रशिक्षण सित बर 2023 से मण्डला में उद्यमिता विकास केन्द्र म0प्र0 (सेडमेप) भोपाल द्वारा आयोजित खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केव्हीआईसी) भोपाल द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मण्डला द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रेषित एवं बैंकों द्वारा स्वीकृत प्रकरणों में आवश्यक 5/10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के परिसर में 4 से 15 सित बर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। अतः ऐसे समस्त हितग्राही जिनका बैंकों के द्वारा ऋण प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त हो गई हैं एवं बैंकों द्वारा पीएमईजीपी पोर्टल में स्वीकृति पत्र अपलोड कर दिया गया हैं वे समस्त हितग्राही 4 सित बर को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला में प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

घुघरी में जनसेवा मित्रों का प्रशिक्षण संपन्न

मंडला यशोः- लोकसेवा प्रबंधक कविता गुप्ता एवं सीएम फैलो सुप्रिया पाठक के नेतृत्व में लोक सेवा केन्द्र घुघरी में जनसेवा मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रदीप कुमार धुर्वे, कमलेश कुमार सोनवानी एवं गनपत कुलस्ते के द्वारा लोक सेवा केन्द्र द्वारा दिए जाने वाले सेवाओं जैसे- स्थायी जाति प्रमाण पत्र, स्थायी मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, झइविंग लाइसेंस, खसरा ने शा, मार्कशीट में त्रुटि सुधार आदि विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कौन है वह नेता जो कानून अपनी जेब में रखकर चल रहा है ?

नपा अध्यक्ष को स्पष्ट करना चाहिये, किसने कहा बीजेपी का गमछा डालने से वे निर्दोष हो जायेंगे

सिवनी यशोः- गलतियाँ खुद करों और तोहमत दूसरों पर लगाओं यह नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान का ही नहीं पूरी कांग्रेस पार्टी का चरित्र है । अनापसनाप बयानबाजी कर शफीक खान आम जनता के बीच भ्रामकता फैलाने और सुर्खियाँ बंटोरने का काम कर रहे है । उनके ऊपर न्यायालय में जो आरोप लगे है और उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के समय अपनी गलत जानकारी दी है इस प्रकार का आरोप उन लगाते हुये आपत्ति दर्ज हुई और आपत्तिकर्त्ता द्वारा उच्च न्यायालय में केस दयार किया है जिसकी सुनवाई चल रही है भारतीय न्याय प्रणाली इतनी अधिक सस्ती नहीं है कि वह किसी के दबाव में काम करें और शफीक खान भाजपा का गमछा पहनले तो वे आरोप मुक्त हो जायेंगे उन्हें आरोपों से मुक्ति सही दस्तावेज प्रस्तुत करने से ही मिलेगी और आरोपों के संबंध में प्रस्तुत दस्तावेज सहित शफीक खान अपनी सफाई में जो दस्तावेज एवं तर्क प्रस्तुत करेंगे उस पर निर्णय करने का अधिकार न्यायालय का है नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान को माननीय न्यायालय का स मान करना चाहिये । भले ही आरोपो के अनुसार वे फर्जी दस्तावेजो के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुये हो परंतु वर्तमान में वे नगर के प्रथम नागरिक है उन्हें जि मेदारी से बयानबाजी करना चाहिये । कुछ अखबारों में उनकी प्रतिकि या प्रकाशित हुई है जिसमें नपा अध्यक्ष ने कहा है कि भाजपा का गमछा पहनने से उनके सारे आरोप माफ हो जायेंगे ऐसा किसी भाजपा के नेता ने उनसे कहा है शफीक खान जी को उक्त भाजपा नेता के नाम का उल्लेख करना चाहिये और जिससे समझ में आये कि ऐसा कौन सा भाजपा का नेता है जो कानून अपनी जेब रखकर चलने का दावा कर रहा है और वह कानून से बड़ा हो गया है या फिर नपा अध्यक्ष शफीक खान सुर्खियाँ बटोरने के लिये बेतुकी बयानबाजी कर रहे है ।



नपा अध्यक्ष खान के बोलबच्चन कांग्रेस की मुसीबत बन सकते है

मनमानी बयानबाजी के अनेक वीडियो हो चुके है वायरल

शफीक खान के बोल बच्चन कांग्रेस के लिये भारी मुश्किल खड़ी कर सकते है । यहाँ बता दें कि श्री खान के अनेक वीडियो भी वायरल हुये है और यह वीडियो भी उनके अध्यक्ष पद के लिये खतरनाक हो सकते है । उन्होंने यह भी एक बयानबाजी की थी कि वे तो बिक चुके थे और कांग्रेस उन्हें अध्यक्ष नहीं बनाती तो वे भाजपा के उ मीदवार को सपोर्ट करते । कांग्रेस नेता पदम सनोडिया के संबंध में भी श्री खान ने इसी प्रकार बयानबाजी की थी जिसका बड़ा बवंडर खड़ा हुआ था जिसमें श्री खान ने कहा था कि पदम सनोडिया उन्हें खरीदने के लिये अध्यक्ष निर्वाचन के समय भाजपा के उ मीदवार ज्ञानचंद सनोडिया के पक्ष में राशि लेकर पहुँचे थे । एक वीडियो और अध्यक्ष निर्वाचन के समय वायरल हुआ था जिसमें कांग्रेस दल के पार्षदों को धार्मिक ग्रंथों पर हाथ रखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिये शपथ दिलाई जा रही थी । इस प्रकार की बयानबाजी और भी अनेक अवसरों पर वे कर चुके है उनके द्वारा, मैं सबसे गुंडा जैसा विवादित धमकी भरा वीडियो भी सार्वजनिक है । इस प्रकार के वायरल वीडियो लोकतांत्रिक मर्यादओं के अनुरूप नहीं है हालांकि इस प्रकार के बहुत से वीडियो सोशल मीडिया में हास्य परिहास तक सीमित होकर रह जाते है संभव है इन वीडियो को कोई आधार बनाकर न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराये तो कांग्रेस पार्टी और नपा अध्यक्ष शफीक खान मुश्किल में पड़ सकते है ।

अगली सुनवाई 08 सितंबर को

यहाँ बतादें कि शफीक खान पर आरोप है कि उनके द्वारा निर्वाचन के समय जो जाति प्रमाण पत्र दिया गया है वह गलत है इसके साथ ही शफीक खान पर आरोप है कि उन्होंने निर्वाचन के समय अपने आपराधिक प्रकरण छुपाये है इसके साथ ही अनेक आरोप लगाये गये है जिनके आधार याचक ने याचना की है कि श्री खान की पार्षदी को शून्य घोषित किया जाये । याचक की याचिका पर हाई कोर्ट ने जिला कले टर को सुनवाई के लिये निर्देश दिये है । जिसकी सुनवाई पहले 29 अगस्त थी फिर 01 सितंबर को निर्धारित हुई । 01 सितंबर को श्री खान ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया जिसकी अगली सुनवाई 08 सितंबर को निर्धारित है ।

पूर्ववर्ती चुनावो में भी गलत दस्तावेज दिये गये, अनेक शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण के है आरोप

आरोप और चर्चाओं में तो यह भी है कि वर्तमान नपा अध्यक्ष शफीक खान इसके पूर्ववर्ती चुनावों के समय भी संतानों से संबंधित फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर चुके है । इसी प्रकार इनके द्वारा अनेक शासकीय भूमियों पर अवेध कब्जे किये गये है इनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान और निवास भी अवैध शासकीय भूमि पर निर्मित है इनके निर्माणधीन भवन की वैधानिक स्वीकृति के संबंध में भी सवाल खड़े हो रहे है । शफीक खान की अध्यक्षीय परिषद में अनैतिक तरीके से नल कने शन देने, नियमों को ताक पर रखकर शासकीय धन का दुरूपयोग जैसे अनेक आरोप चर्चाओं में है और दावा किया रहा है कि इस अध्यक्षीय परिषद के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर इतनी गलतियाँ की गयी है कि जल्द ही कानून स्वयं अपना काम करेगा और अधिकारी भी कानूनी कार्यवाही की जद में आयेंगे ।

नगरीय निकायों के पेंशनर्स की महंगाई राहत में 4 प्रतिशत की वृद्धि

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) में 4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि अब पेंशनर्स की महंगाई राहत 38 से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है।

सिंह ने बताया है कि पेंशनर्स को बढ़ी हुई महंगाई राहत का भुगतान एक जुलाई, 2023 से किया जाएगा। साथ ही दो महीने की बढ़ी हुई महंगाई राहत राशि के एरियर का भुगतान भी पेंशनर्स को सित बर, 2023 में कर दिया जाएगा, जिन पेंशनर्स को छठवें वेतनमान के अनुसार पेंशन मिल रही है, उसमें भी एक जुलाई, 2023 से 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति गठित करने के निर्देश

मंडला यशोः- संचालनालय महिला सशक्तिकरण के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए आंतरिक परिवाद समिति गठित की जानी है। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत धारा 4 के अनुसार ऐसा कार्यस्थल जहां 10 या 10 से अधिक कर्मी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति के गठन का प्रावधान है। जारी निर्देश के अनुसार जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों के नियंत्रणाधीन समस्त शासकीय, अशासकीय/ प्रायवेट कार्यालयों जैसे- मॉल, दुकान, बैंक, उद्योग में आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाए। प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक परिवाद समिति के सदस्यों के फोन नं. सहित आदेश का डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाए।

ईव्हीएम का प्रदर्शन, जिज्ञासाओं का समाधान

मंडला यशोः- स्वीप गतिविधि अंतर्गत मोहगांव विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को एकत्र कर ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया जिसमें मतदाताओं ने वेझिझक मॉकपॉल कर मशीन से मतदान करने का तरीका सीखा। मॉकपॉल के दौरान उपस्थित मतदाताओं को व्हीव्हीपेट की पर्ची दिखाते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। ईवीएम प्रदर्शन के साथ-साथ उपस्थित मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाकर प्रेरित किया गया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कले टर एवं एसपी के साथ रामकथा कार्यक्रम स्थल निरीक्षण किया

सिवनी यशोः- शनिवार 02 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कले टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ श्रीराम कथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि विधायक श्री राय द्वारा आगामी 09 सितंबर से 17 सितंबर 2023 तक नगर के पालीटेंनि क मैदान में श्रीरामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री चित्रक ूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषत जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से श्रीरामकथा का प्रवाह होगा। उक्त कार्यक्रम हेतु विधायक श्री राय द्वारा जिला कले टर क्षितिज सिंघल, जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ श्रीराम कथा कार्यक्रम स्थल पालीटेंनि क मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला भाजपा, किशन साहू, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, गिरीश पाठक, एहफाज खान विधायक प्रतिनिधि, श्रेष्ठ कान्हा राय, सुरेन्द्र शेरु माल्या, घनश्याम बघेल विधायक प्रतिनिधि, मुकेश चंदेल विधायक प्रतिनिधि, मु य नगरपालिका अधिकारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

लोनिया गोली कांड के फरार आरोपी .....

कारतूस तलवार जप्त की गई। पकड़े गये आरोपियों में विशाल बघेल उर्फ टीनू पिता जगन्नाथ बघेल उम्र 32 साल निवासी साकार सोई धाम बबरिया बारापत्थर सिवनी, सतीश बघेल पिता उदय सिंह बघेल उम्र 28 साल निवासी बबरिया मानेगांव थाना डुण्डा सिवनी, खेलेश उर्फ शीलू राजपूत पिता प्रमोद कुमार राजपूत उम्र 30 साल निवासी अपर बैनगंगा कालोनी बारापत्थर सिवनी, एवं शुभम उर्फ पियूष पाल पिता सुरेश पाल उम्र 28 साल निवासी अपर बैनगंगा कालोनी बारापत्थर सिवनी शामिल है ।

जप्तशुदा मसरूका - घटना में प्रयुक्त पिस्टल दो मैगजीन, दो जिंदा राऊंड, दो खाली खोके, दो तलवार, एक अल्ट्रोज कार क्र. एम.पी. 22 जेड.बी. 3358, एक स्पेलेण्डर मो.सा. क्र. एम.पी. 22 जेड.बी. 1381, 05 नग मोबाइल, आर.सी. ड्रायविंग लायसेंस ।

सराहनीय कार्य - निरी, सतीश तिवारी, उ.नि. स पत मरावी, उ.नि. राहुल ककोडिया, प्र. आर. 90 सुंदर श्याम तिवारी, प्र. आर. 476 बालमुकुंद बघेल, प्र. आर. 339 मुकेश विश्वकर्मा, आर. 262 नीतेश राजपूत, 134 अमित रघुवंशी, आर. 71 सतीश यूवनाती, आर. 400 अजय बघेल, आर.553 शिवम बघेल, आर. विनय चौरिया ।

नेहरू राज्य स्तरीय मैच का हुआ शुभारंभ

उज्जैन ने सिवनी को 1-0 से हराया

सिवनी यशोः- सिवनी जिले को खेल में हाकी की नर्सरी कहा जाता है। यहाँ पर चालीस वर्षो से राष्ट्रीय स्तर पर हाकी खिलाडियों ने जिले का नाम रोशन किया है, नेहरू राज्य स्तरीय स्कूली हाकी प्रतियोगिता प्रार भ होना और उसमे शामिल होना गौरव की बात है। निश्चित हो खिलाडियों के लिए इस प्रतियोगिता का विशेष महत्त्व है। उक्त उदगार हाकी संघ के जिलाध्यक्ष डी एल. गौर ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के. पी. पटेल. सहा. शिक्षा अधिकारी एस. एस कुमरे, आर. आर. मेहता सहित खेल प्रभारी जस्सी थामस देवेन्द्र ठाकुर प्रदीप वर्मा की उपस्थिति में रोमांचक मैन्च का आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय मैच की श्रंखला में प्रथम मैच उज्जैन एवं सिवनी के बीच खेला गया जिसमें उज्जैन 1-0 से विजयी रही। दूसरा मैच उज्जैन एवं जबलपुर संभाग मध्य खेला गया।

इस आयोजन में 30 टीमों का समावेश किया गया है। जो निरन्तर जारी रहेंगे। मैच एवं आयोजन प्रभारी अनुराग तिवारी एवं अनिल डहेरिया ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभागक आयोजक में विधायक दिनेश राय को आना था लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के चलते उपस्थित ना हो सके। इन खिलाडियों को विश्राम लिए 14 स्थानों में व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम में रेफरी के रूप में रशीद कुरैशी उपस्थित रहे। पुलिस ग्रांउड मे आयोजित इस आयोजन मे छात्राओ के मैच आज खेले जायेगे निर्णायक के रूप बापू राव उपस्थित रहे।

रोजगारमूलक योजनाओं में सकारात्मक रूख अपनाएं बैंकर्स - डॉ. सिडाना

डीएलसीसी की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- डीएलसीसी की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि रोजगारमूलक योजनाओं के प्रकरणों में बैंकर्स सकारात्मक रूख अपनाते हुए उन्हें नियमानुसार स्वीकृति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के तहत प्राप्त प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनमें ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारी प्रकरणों का लगातार फॉलोअप करें तथा आवश्यकतानुसार दस्तावेजीकरण में सहयोग प्रदान करें। विभागीय अधिकारी युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्हें स्वरोजगार संबंधी योजनाओं से लाभान्वित करें। डॉ. सिडाना ने रोजगार मेला आयोजित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

कलै टर ने सीईओ जिला पंचायत को स्वरोजगार योजनाओं के संबंध में विकासखंडवार, ब्रांचवार समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारियों को भी स्वरोजगार योजनाओं संबंधी लक्ष्य आवंटित करें। बैठक में कले टर ने मु यमंत्री स्वरोजगार योजना, एसएचजी लिंकेज, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वनिधि योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना आदि के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जिला प्रबंधक नाबार्ड दीपकपाल, एलडीएम सुजय कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

हमारा संकल्प जनआर्शीवाद यात्रा ऐतिहासिक व गरिमामय हो - सांसद राव उदयप्रताप

गृहमंत्री अमित शाह, मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनआर्शीवाद यात्रा में होंगे शामिल

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 5 सितंबर को आयोजित होने वाले जनआर्शीवाद यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए जनआर्शीवाद यात्रा के संयोजक सांसद राव उदय प्ताव सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक मण्डल के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागणों की सामूहिक जि मेदारी है कार्यक्रम को व्यापक व गरिमामय बनाया जाने की। उन्होंने कहा जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं इस कार्यक्रम की सफलता की चुनौती लें ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और गरिमामय हो सके।

उन्होंने कहा कि यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कुछ नवाचार आयोजन भी किये जायें जिसका व्यापक संदेश जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा ये यात्रा मण्डला से प्रारंभ होकर 22 दिनों तक निरंतर चलेगी इसलिए मण्डला की धरती से जनआर्शीवाद यात्रा का शुभारंभ किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यात्रा सहप्रभारी श्री अभिलाष पाण्डेय ने यात्रा की तैयारियों से जुड़े विषयों से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमति संपतिया उइके, जिला विस्तारक चंद्रप्रकाश मिश्रा, पूर्व विधायक शिवराज शाह, बिछिया विधानसभा प्रत्याशी डॉ विजय आनंद मरावी, रोचीराम गुरवानी, डॉ मुकेश तिलगाम, भगवती श्रीधर, सुधीर कसार, राजेश जैन, संदीप सिह, अखिल सिहारे, पारस असरानी, थामन बरमैया, कृष्ण कुमार चौकसे, ललित लोधी, प्रशांत दीक्षित, विवेक अग्निहोत्री, आशीष झारिया, उमेश शु ला, मंजू कछवाहा, चौरसिया, सूर्यकांत जंघेला, नीरज पटेल, वीरेन्द्र चंद्रोल, अजयपुरी गोस्वामी, प्रमोद श्रीवास, दिनेश रजक, धमेन्द्र मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मंडला की ओर से प्रारंभ करें सुधार कार्य - डॉ. सिडाना

कले टर ने किया मंडला से बरेला मार्ग का निरीक्षण

मंडला यशोः- मंडला से बरेला मार्ग के स्वीकृत सुधार कार्य के संबंध में कलै टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी सड़क का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर स्थल की आवश्यकता के अनुसार सुधार कार्य की योजना तैयार करें।

कलै टर ने सड़क के सुधार कार्यो को मंडला की ओर से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्यामूलक क्षेत्र की सड़क के सुधार कार्य को प्राथमिकता प्रदान करें। जिन स्थानों पर सुधार कार्य किया जाना है वहां पहले डायवर्सन की समुचित व्यवस्था बनाएं। पहाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से रिटेनिंग वॉल आदि का प्रावधान रखें। सड़क सुधार के लिए उपयोग में आने वाली आवश्यक मशीनों तथा निर्माण सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था रखें। सुधार कार्य को निर्धारित समयावधि में उचित गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। सुधार कार्य के दौरान मंडला-जबलपुर मार्ग में कुछ दिन के लिए यातायात प्रभावित हो सकता है, इस संबंध में कलै टर ने जनसामान्य से समुचित सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-
मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297